भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1628
सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023 (27 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

भारतीय विमानन उद्योग में वित्तीय संकट

1628 श्री बी. पार्थसारधी रेड्डीः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों में वित्तीय संकट के कारण विमानन बाजार से बाहर निकलने वाली अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों एयरलाइनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने एयरलाइंस के बीच वित्तीय संकट को कम करने के लिए कोई उपाय किया है ताकि उन्हें यात्री किराया बढ़ाने जैसी परिपाटियों को अपनाने से रोका जा सके; और

(ग) यदि हां, तो इसके लिए शुरू किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क): पिछले 5 वर्षों में विमानन बाजार से बाहर निकलने वाली घरेलू एयरलाइनों का ब्यौरा अनुबंध में संलग्न है। अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों के संबंध में ऐसी कोई जानकारी नहीं रखी गई है।

(ख) और (ग): विमानन उद्योग को सहयोग देने के लिए सरकार ने विभिन्न पहल किए हैं। इनमें निम्नलिखित पहलें शामिल हैं:

I) विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) पर लगने वाले मूल्य वर्धित कर में कमी करने का मामला राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के साथ उठाया गया था। परिणामस्वरूप, एटीएफ पर वैट 28% से घटाकर 19 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा 1-4% की सीमा में और चार अन्य राज्यों द्वारा 5 से 18% तक कम कर दिया गया है।

II) घरेलू अनुरक्षण, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सेवाओं के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर 18% से घटाकर 5% कर दी गई है।

III) सरकार ने विमानन क्षेत्र के लिए आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) को मंजूरी दे दी है। उद्योग की मांग के आधार पर, इन कंपनियों को संदर्भ तिथियों के अनुसार उनके कुल क्रेडिट बकाया (फंड आधारित और गैर-फंड आधारित बकाया दोनों) के 100% तक ऋण सहायता प्रदान करने के लिए ईसीएलजीएस का दायरा बढ़ाया गया है, जो प्रति उधारकर्ता 1500 करोड़ रुपये की सीमा के अधीन है, जो भी कम हो।

****

अनुलग्नक 1

पिछले 5 वर्षों में विमानन बाजार से बाहर निकालने वाली घरेलू एयरलाइनों की सूची

क्र. सं.	बंद होने वाली एयरलाइनों के नाम	बंद होने की तिथि
1	* जेट एयरवेज़ (इंडिया) लिमिटेड (जेट एयरवेज़)	17.04.2019
2	जेट लाइट (इंडिया) लिमिटेड (जेट लाइट)	17.04.2019
3	** ज़ेक्सस एयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (ZOOOM)	30.06.2020
4	डेक्कन चार्टर्स प्राइवेट लिमिटेड (एयर डेक्कन)	24.07.2020
5	एयर ओडिशा एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (एयर ओडिशा)	30.07.2020
6	हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (एयर हेरिटेज)	10.01.2022
7	टर्बो मेंघा एयरवेज़ प्राइवेट लिमिटेड (टू जेट)	11.05.2022
8	*** गो एयरलाइंस (इंडिया) लिमिटेड (गो फर्स्ट)	02.05.2023

* बंद होने के बाद, मेसर्स जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड ने एनसीएलटी, मुंबई में दिवाला प्रक्रिया से गुजरी है। एओसी को 03.11.2023 तक की वैधता के साथ 20.05.2022 को फिर से जारी किया गया है। हालांकि इस दौरान विमान सेवा का प्रचालन नहीं किया गया।

** एओसी के पुन: प्रमाणीकरण के बाद 14.09.2023 को मेसर्स ज़ेक्सस एयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (ZOOOM) को एओसी फिर से जारी किया गया है, हालांकि ऑपरेटर ने अभी तक वाणिज्यिक परिचालन शुरू नहीं किया है।

*** गो एयरलाइंस (इंडिया) लिमिटेड - गो फर्स्ट वर्तमान में दिवाला और दिवालियापन संहिता की धारा 10 के अनुसार कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रहा है।

****